# गर्मी में बिजली चली जाना

हम जानते हैं कि किसी भी कारण से बिजली चली जाना असुविधाजनक होगा, विशेषकर इस बार की गर्मियों में।

वर्ष के किसी भी अन्य मौसम की तुलना में हमारे ग्राहक गर्मियों में अधिक बिजली का उपयोग करते हैं। और अब घर से काम करने वाले अधिक लोगों के कारण यह संभव है कि सबसे ऊँची मांग सामान्य से भी अधिक होगी।

बस इतना याद रखें कि अगर हमने बिजली की कटौती करने की योजना के बारे में आपको सूचित किया है, तो यह काम वास्तव में महत्वपूर्ण है।

लेकिन अगर मौसम में अत्यधिक गर्मी होने, बिजली गिरने या आंधी आने का पूर्वानुमान है, तो यह स्थिति बदल सकती है।

तो इस गर्मी में आपको जितनी बिजली की आवश्यकता है उसे प्राप्त करने की योजना बनाएं। चाहे कुछ भी हो, आप सुरक्षित रहने, आरामदेह बने रहने और ऊर्जा की लागत का प्रबंधन करने के लिए कुछ आसान कदम उठा सकते/सकती हैं।

## हम गर्मियों में प्रतिक्रिया के लिए कैसे तैयारी करते हैं

हम मौसम की बारीकी से निगरानी करते हैं, ताकि हमारे कर्मीदल पूर्वानुमान की स्थितियों के कारण किसी भी चुनौती के लिए तैयार रहें।

1. आंधियों, तेज हवाओं या बिजली गिरने से पहले हम:
   - यह सुनिश्चित करते हैं कि ऊंची प्राथमिकता के रख-रखाव के सभी काम पूरे हो गए हैं
   - घटना के समय तक बाहर के सभी कामों को यथासंभव कम कर देते हैं, ताकि कर्मीदल ताजा बने रहें और उन्हें किसी भी समय बुलाया जा सके
   - संसाधन जुटाते हैं, जिनमें फील्ड क्रू, नेटवर्क ऑपरेटर, ग्राहक सेवा एजेंट और उपकरण शामिल हैं, ताकि हम प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहें

2. अत्यधिक गर्मी के दिनों में हम:
   - प्रभावित क्षेत्र के लिए नियोजित सभी कार्यों की समीक्षा करेंगे और बिजली की नियोजित कटौतियों को या तो रद्द करेंगे या अत्यावश्यक कार्यों को संशोधित करेंगे ताकि दोपहर तक बिजली वापस आना सुनिश्चित किया जा सके
   - बिजली की भरोसेमंद आपूर्ति के लिए खराबी को ठीक करने या तत्काल मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता देंगे

3. संपूर्ण अग्नि प्रतिबंध के घोषित दिनों में हम:
   - हमारी परिसंपत्तियों से आग के खतरे को कम से कम करने के लिए नेटवर्क सुरक्षा उपकरणों की सेटिंग्स को उंचे स्तर की संवेदनशीलता पर ले जाएंगे
   - बिजली चले जाने का अनुभव करने वाले ग्राहकों को सुरक्षित रूप से बिजली की बहाली करने से पहले पावरलाइन की पूरी लंबाई पर गश्त लगाने के लिए कर्मीदल उपलब्ध कराएंगे।

4. सभी परिस्थितियों में यदि बिजली की कोई नियोजित या अप्रत्याशित कटौती की जाती है, तो हम:
   - जीवनरक्षक उपकरणों का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को तैयार रहने और बिजली चले जाने पर आकस्मिक योजना को सक्रिय करने के लिए संदेश भेजेंगे
   - बिजली चले जाने पर सभी ग्राहकों को एसएमएस के माध्यम से एक संदेश भेजेंगे और बहाली का अनुमानित समय बताएँगे
   - अपने कटौती के ऑनलाइन नक्शे और वर्तमान कटौतियों की सूचियों को अपडेट करेंगे।

## जाँचसूची: बिजली की कटौतियों के लिए तैयार रहें

- [ ] **अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें**
  यदि आप जीवनरक्षा उपकरण पर निर्भर करते/करती हैं या आपको शिशुओं, विकलांगों, बुजुर्गों या पालतू जानवरों की देखभाल के लिए बिजली के सामान की ज़रूरत है, तो एक आकस्मिक योजना तैयार रखें।

- [ ] **अपने घर का पूर्व-शीतलन करें**
  यदि बिजली की कटौती नियोजित की गई है और आपके पास एयर-कंडिशनिंग सिस्टम है, तो अपने घर को या केवल अपने इस्तेमाल के कमरों को आरामदेह तापमान तक ठंडा करें। फिर गर्मी के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों और खिड़कियों से हवा के प्रवाह को बाधित करें और उन्हें बंद रखें।

- [ ] **मोबाइल फोनों, लैपटॉप कंप्यूटरों और पोर्टेबल बैकअप बैटरियों को चार्ज करें**
  उन्हें चार्ज करके रखें, ताकि आप दोस्तों और परिवार के साथ संचार कर सकें, बिजली की बहाली के समय के बारे में अपडेट प्राप्त कर सकें या आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन सेवाओं की सुलभता प्राप्त कर सकें।

- [ ] **हॉटस्पॉट का उपयोग करके जुड़े रहें**
  बिजली के बिना आपका मोडम काम नहीं करेगा, लेकिन इसके बावजूद भी आप अपने मोबाइल फोन के डेटा कनेक्शन के माध्यम से इंटरनेट, स्कूल या कार्यस्थल की फाइलों को एक्सेस कर सकते/सकती हैं। उपलब्ध डेटा भत्तों के बारे में अपने दूरसंचार प्रदाता से संपर्क करें।

- [ ] **भोजन को सुरक्षित रखें**
  यह सुनिश्चित करें कि आपके रेफ्रिजरेटर की सेटिंग 5 डिग्री या इससे कम पर है, ताकि भोजन को यथासंभव ताज़ा रखना सुनिश्चित किया जा सके। यदि रेफ्रिजरेटर को खोला न जाए, तो भोजन इसमें लगभग चार घंटों तक ठंडा रहेगा। यदि पूरी तरह से भरे फ्रीज़र को खोला न जाए, तो इसका तापमान भोजन को दो दिनों तक संरक्षित रखने के लिए अच्छी तरह से बना रहेगा। और अधिक जानकारी के लिए ऑस्ट्रेलियाई खाद्य सुरक्षा संस्थान की वेबसाइट पर जाएँ: https://www.foodsafety.com.au/blog/food-safety-during-power-outages

- [ ] **कुछ मनोरंजन डाउनलोड करें**
  यदि आप ऐसा कर सकें, तो अपनी पसंदीदा फिल्में या टेलीविजन शोज़ को पोर्टेबल डिवाइस पर डाउनलोड करें, ताकि बिजली की कटौती के समय आप इन्हें देख पाना सुनिश्चित कर सकें।

- [ ] **कंप्यूटर फाइलों को बैकअप करें**
  अपने घर, पढ़ाई या कार्यस्थल के महत्वपूर्ण कंप्यूटर-आधारित रिकॉर्डों का बैकअप करें, और यदि आवश्यक हो, तो नियोजित कटौती के शुरू होने से पहले इन्हें एक्स्टर्नल हार्ड-ड्राइव या स्टोरेज डिवाइस पर सेव करना सुनिश्चित करें।

- [ ] **वैकल्पिक ऊर्जा उपलब्ध रखें**
  यदि आप पानी के पंप और उपकरण या खाना पकाने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करते/करती हैं (जैसे डीज़ल जेनरेटर या बार्बेक्यू), तो यह सुनिश्चित करें कि इनमें ईंधन भरा हो और ये चालू परिस्थिति में हों। सुरक्षित रहें-बाहर के उपकरणों का प्रयोग आपके घर के अंदर नहीं किया जाना चाहिए। इस बात का ध्यान रखें की संपूर्ण अग्नि निषेध के दिनों में प्रतिबंध लागू हो सकते/सकती हैं।

  अपने पास बैटरी-चलित लैंप या टॉर्च रखें और यदि गैराज के दरवाजों और गेटों में बैटरी बैक-अप नहीं है, तो यह सुनिश्चित करें कि आपको इन्हें खोलने का तरीका पता है।

- [ ] **अप-टु-डेट रहें**
  VicEmergency ऐप डाउनलोड करें।
  पावरकॉर एसएमएस आउटेज नोटिफिकेशन्स के लिए ऑनलाइन साइन अप करें।
  आपातकालीन फोन नंबरों को अपने पास रखें।